# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2023-24

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

बुधवार, 13 मार्च 2024

मुख्यातिथि

# श्री सुरेश कुमार

माननीय विधायक, भोरंज विधानसभा क्षेत्र

प्रस्तुतकर्ता

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वाड़ी)

जिला हमीरपुर (हि. प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2023-24

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

### बुधवार, 13 मार्च 2024

मुख्यातिथि

# श्री सुरेश कुमार

माननीय विधायक, भोरंज विधानसभा क्षेत्र

प्रस्तुतकर्ता

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वाड़ी)

जिला हमीरपुर (हि. प्र.)

## स्वागत एवम् सम्बोधन

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 2023-24 के मुख्यातिथि महोदय भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय, कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ माननीय विधायक श्री सुरेश कुमार जी तथा सम्माननीय अतिथिगण. मैं राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वाड़ी), जिला हमीरपुर (हि. प्र.) के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के पावन अवसर पर महाविद्यालय के अभिभावक-अध्यापक संघ, छात्र वर्ग, प्राध्यापक वर्ग, गैर-शिक्षक कर्मचारी वर्ग तथा समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से यहां पर उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों का हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत करता हूँ. माननीय मुख्यातिथि जी, आपने अपनी अनेक व्यस्तताओं के बावजूद इस समारोह में पधार कर हमें अनुगृहीत किया है. इसके लिये हम सभी आपके आभारी हैं. इस विद्यामन्दिर के प्रांगण में आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिये गर्व एवं परम् सौभाग्य का विषय है. आपकी उपस्थिति हमारे लिये इस कारण से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आपका समस्त जीवन लोक कल्याण और समाज सेवा के हेतु समर्पित रहा है. आपके अथक प्रयासों और प्रतिबद्धता से समाज को नई दशा और दिशा मिली है और भविष्य में भी मिलती रहेगी. मैं व्यक्तिगत तौर पर भी आपका इस महाविद्यालय में पधारने पर स्वागत करता हूँ.

## महाविद्यालय का परिचय

राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वाड़ी) वर्ष 2002 में प्रारम्भ हुआ तथा अप्रैल 2024 में यह अपनी स्थापना के 22 वर्ष पूर्ण कर रहा है. प्रारम्भ में यह महाविद्यालय तरक्वाड़ी में किराये के भवन में चलता था. आज इस महाविद्यालय का अपना भवन है जो वर्ष 2008 में पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया था. ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बहुमुखी शिक्षा प्रदान करने के अपने ध्येय और लक्ष्य को सदैव समक्ष रखते हुये यह महाविद्यालय अपने पूरे गौरव और वैभव के साथ दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है. यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश सरकार की राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना में इस महाविद्यालय को सर्वप्रथम उत्कृष्ट महाविद्यालयों की श्रेणी में रखा गया था. विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षा प्रदान करने की जो आधारभूत सुविधायें इस महाविद्यालय में उपलब्ध हैं वह प्रदेश के कुछ चुनिंदा बड़े महाविद्यालयों में ही उपलब्ध हैं.

## संकाय

इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों के अतिरिक्त उच्चतर शिक्षा संस्थान समिति द्वारा स्ववितपोषित माध्यम से बीसीए और पीजीडीसीए शैक्षणिक विषय चलाये जा रहे हैं. महाविद्यालय में शिक्षकों के 27 तथा गैर शिक्षकों के 24 पद सृजित हैं. राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) बेंगलूरू द्वारा वर्ष 2016 में किये गए प्रथम चक्र के मूल्यांकन में इस महाविद्यालय को 'बी' ग्रेड से मूल्यांकित किया गया जो इस महाविद्यालय की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है. मूल्यांकन और प्रत्यायन के द्वितीय चक्र के लिये राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) बेंगलूरू की तीन सदस्यीय पियर टीम 29-30 मार्च 2024 को महाविद्यालय का दौरा करेगी जिसके लिये महाविद्यालय परिवार पूरी तरह से तैयार है. हमें पूर्ण विश्वास है कि हम इस मूल्यांकन में भी उत्तम प्रदर्शन करेंगे. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 में इस महाविद्यालय को स्थायी सम्बद्धता प्रदान की गई. वर्ष 2017 में ही इस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 2(f) और 12 (B) के अन्तर्गत मान्यता प्रदान की गई जो इस महाविद्यालय के स्थायित्व को प्रदर्शित करती है. इससे महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अतिरिक्त ग्राँट प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होती है.

### स्ववितपोषित संकाय (बीसीए और पीजीडीसीए)

अपने महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा संस्थान समिति द्वारा स्ववितपोषित योजना के अन्तर्गत तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम बीसीए तथा एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम पीजीडीसीए चलाया जा रहा है. बीसीए पाठ्यक्रम में 50 (40 रियायती + 10 गैर-रियायती) सीटें हैं. पीजीडीसीए पाठ्यक्रम में 40 (35 रियायती + 05 गैर-रियायती) सीटें हैं. सभी सीटें वरीयता के आधार पर भरी जाती हैं. डॉ. मोहिन्दर गुलेरिया इन पाठ्यक्रमों के समन्वयक हैं.

### विद्यार्थी संख्या

महाविद्यालय में 2023-24 के दौरान विद्यार्थियों की कुल संख्या 474 रही जिसमें 204 छात्र और 270 छात्रायें हैं. विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों की संख्या का विवरण निम्न प्रकार है.

| क्रमांक | संकाय का नाम | छात्रों की संख्या | छात्राओं की संख्या | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कला संकाय | 30 | 127 | 157 |
| 2 | विज्ञान संकाय | 45 | 73 | 118 |
| 3 | वाणिज्य संकाय | 48 | 35 | 83 |
| 4 | स्ववितपोषित (BCA & PGDCA) | 81 | 35 | 116 |
| | **कुल योग** | **204** | **270** | **474** |

### कर्मचारी वर्ग

**शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग:** इस महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त कला संकाय में 12 पद, वाणिज्य संकाय में 2 पद तथा विज्ञान संकाय में 13 पद (कुल 27 पद) स्वीकृत हैं. वर्तमान में कला संकाय में अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, संस्कृत, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, हिन्दी, अर्थशास्त्र और वाद्य संगीत विषयों में एक-एक प्राध्यापक कार्यरत है. अंग्रेजी विषय का एक पद रिक्त चल रहा है. विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान विषयों में तीन-तीन, गणित, वनस्पति विज्ञान और जीव विज्ञान विषयों में दो-दो तथा कम्पयूटर एप्लिकेशन विषय में एक पद स्वीकृत है. वर्तमान में रसायन विज्ञान विषय में एक पद रिक्त चल रहा हैं. वाणिज्य संकाय में दो प्राध्यापक कार्यरत हैं. उच्चतर शिक्षा संस्थान समिति द्वारा स्ववितपोषित रूप से चलाये जा रहे बीसीए और पीजीडीसीए पाठ्यक्रमों में चार प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है.

**गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग:** गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग के कुल 24 पद सृजित हैं. वर्तमान में एक अधीक्षक ग्रेड-1, एक अधीक्षक ग्रेड-2, एक लिपिक, दो वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, दो प्रयोगशाला सहायक, चार सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और पाँच चपरासी कार्यरत हैं. तीन कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, एक पुस्तकालयाध्यक्ष, एक तबला वादक, एक स्टोर कीपर और दो सफाई कर्मचारियों के कुल मिलाकर 8 पद खाली चल रहे हैं. दो सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रतिनियुक्ति पर तहसील पुस्तकालय भोरंज में अपनी सेवायें दे रहे हैं. उच्चतर शिक्षा संस्थान समिति द्वारा स्ववितपोषित रूप से चलाये जा रहे बीसीए और पीजीडीसीए पाठ्यक्रमों के लिए एक लिपिक की नियुक्ति की गई है.

## आगमन और प्रस्थान

**आगमन:** प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां से स्थानांतरित होकर इस महाविद्यालय में आये. शैक्षणिक वर्ग में प्रो. अभिनव शर्मा (कम्पयूटर एप्लिकेशन) राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में आये. प्रो. विनय राणा (हिन्दी), प्रो. गुलशन कुमार (अर्थशास्त्र) और प्रो. शिल्पा शर्मा (वाद्य संगीत) प्रथम नियुक्ति पर इस महाविद्यालय में आये. प्रो. पूजा चंदेल (जीव विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट से स्थानांतरित होकर इस महाविद्यालय में आए.

गैर-शैक्षणिक वर्ग में , श्री बलदेव सिंह (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक) राजकीय महाविद्यालय नादौन से और श्री तिलक (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक) राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला से स्थानांतरित होकर और श्रीमती सुमनलता अधीक्षक ग्रेड-1 के रूप में पदोन्नत होकर इस महाविद्यालय में आये. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार, श्री कुलबीर और श्रीमती सुधा स्थानांतरित होकर इस महाविद्यालय में आये.

**प्रस्थान:** इस वर्ष दिसम्बर माह में प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार स्थानांतरित होकर राजकीय महाविद्यालय बंगाणा गये. शैक्षणिक वर्ग में डॉ. जगजीत पटियाल (गणित) प्राचार्य के रूप में पदोन्नत होकर राजकीय महाविद्यालय करसोग गये. इस महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर प्रो. प्रवीण शर्मा (कम्पयूटर एप्लिकेशन) राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर और डॉ. देवेन्द्र सिंह (जीव विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय जुखाला गए.

गैर-शैक्षणिक वर्ग में श्री पटेल चन्द (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक) इस महाविद्यालय से स्थानान्तरित होकर राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला गए. श्रीमती वीना धीमान और श्री मेद राम शर्मा (अधीक्षक ग्रेड-1) इस महाविद्यालय से सेवानिवृत हुये.

## परीक्षा परिणाम

**गृह परीक्षा:** महाविद्यालय के परीक्षा नियन्त्रक प्रो. रवि दत्त के समन्वय में गृह परीक्षाएं दिसम्बर माह में आयोजित करवाई गईं. परीक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति लगभग 98% रही. जो विद्यार्थी किसी कारण परीक्षायें नही दे पाये उन्हें पुनः एक विशेष अवसर प्रदान किया गया ताकि वार्षिक परीक्षा में बैठने की उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके. सतत समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिकी परीक्षा एवम् प्रदत्त कार्य सभी विभागों द्वारा सम्पन्न करवाए गए.

**वार्षिक परीक्षा:** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दिशानिर्देशानुसार वर्ष 2022-23 के परीक्षा परिणाम इस प्रकार हैं.

| क्रमांक | कक्षा | कुल विद्यार्थी | उतीर्ण | उतीर्ण प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कला स्नातक तृतीय वर्ष | 53 | 53 | 100 |
| 2 | कला स्नातक द्वितीय वर्ष | 48 | 41 | 85.41 |
| 3 | कला स्नातक प्रथम वर्ष | 95 | 69 | 72.63 |
| 4 | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | 38 | 35 | 92.10 |
| 5 | विज्ञान स्नातक द्वितीय वर्ष | 45 | 37 | 82.22 |
| 6 | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष | 44 | 35 | 79.54 |
| 7 | वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | 38 | 35 | 92.10 |
| 8 | वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष | 20 | 18 | 90 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 61 | 48 | 78.68 |
| 10 | बीसीए तृतीय वर्ष | 20 | 12 | 60.00 |
| 11 | बीसीए द्वितीय वर्ष | 25 | 05 | 20.00 |
| 12 | बीसीए प्रथम वर्ष | 35 | 07 | 20.00 |
| 13 | पीजीडीसीए | 26 | 22 | 84.60 |

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों के लिये एक महत्वपूर्ण संसाधन होते हैं. ये विभिन्न प्रकार की पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं और अन्य अध्ययन सामग्री को संग्रहित करते हैं. इस महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 7700 पुस्तकें उपलब्ध हैं. पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान की पूर्ति के लिये पुस्तकालय में 10 दैनिक समाचार पत्र और 12 पत्रिकाओं की सदस्यता ली गई है. विद्यार्थियों के लिये 13 कम्पयूटर, 2 फोटोस्टेट मशीन तथा अन्तरजाल की सुविधा प्रदान की गई है. पुस्तकालय का उन्नयन करते हुये आधुनिक RFID सिस्टम तथा KOHA सॉफ्टवेयर स्थापित किया गया है. पुस्तकालय में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाये गए हैं. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान से प्राप्त ग्राण्ट से पुस्तकालय के नये भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है.

## छात्रवृत्तियां

विद्यार्थियों की सुलभ शिक्षा में छात्रवृत्तियों का अहम महत्व रहता है. राज्य और केन्द्र सरकारें विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां विद्यार्थियों को प्रदान करती हैं. अपने महाविद्यालय में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध छात्रवृत्तियां विद्यार्थियों को उनकी अर्हता के आधार पर उपलब्ध हों, ऐसा प्रयास किया जाता है. डॉ. जगजीत सिंह पटियाल छात्रवृत्ति नियन्त्रण पोर्टल के समन्वयक हैं. पूर्ण जांच के बाद उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली वार्षिक छात्रवृत्तियों (नयी तथा पुनर्नवीकृत) सम्बन्धित पूर्ण जानकारी मांग पत्र सहित कार्यालय को भिजवा दी गई है जिनका विवरण इस प्रकार है.

| क्रमांक | वर्ग | नए विद्यार्थी | पुनर्नवीकरण |
|---|---|---|---|
| 1 | Central Sector Scholarship Scheme | 11 | 14 |
| 2 | Post Matric SC | 17 | 07 |
| 3 | Post Matric ST | 00 | 01 |
| 4 | Kalpana Chawala Chhatravriti Yojana | 01 | 02 |
| 5 | मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना (हि.प्र.) | 01 | 00 |
| 6 | प्रधानमंत्री Post Matric OBC, EBC & DNT | 10 | 01 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना | 02 | 00 |
| | Total | 42 | 25 |

## अभिभावक अध्यापक संघ

महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु अभिभावक-अध्यापक संघ सराहनीय भूमिका निभा रहा है. इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में शैक्षिक सुधार लाना तथा छात्रों के हितों की रक्षा करना है. अभिभावक-अध्यापक संघ का चुनाव तत्कालीन प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार की अध्यक्षता में 09 सितम्बर 2023 को हुआ जिसमें निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया.

प्रधानः श्री मिलाप चन्द, उप-प्रधानः श्रीमती धर्मी देवी, सचिवः डॉ. आशा देवी, सह-सचिवः श्री विनोद कुमार, कोषाध्यक्षः श्री कमलेश कुमार और सदस्यः श्रीमती ऊषा देवी, श्री नरोत्तम, प्रो. रवि दत्त, प्रो. तिलक राज, प्रो. भूपेन्द्र सिंह.

1. वर्ष 2023-24 में पीटीए की कुल आय रु. 197951.00 रही. कुल व्यय रु. 191529.00 रहा.

## केन्द्रीय छात्र संघ

विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता जागृत करने में केन्द्रीय छात्र संघ महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इस वर्ष केन्द्रीय छात्र संघ का गठन शैक्षणिक योग्यता के अनुसार 30 अक्तूबर 2023 को किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए.

| क्रमांक | पद | नाम | कक्षा | रोल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधान | आशुतोष रांगड़ा | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | 21PHY13 |
| 2 | उप-प्रधान | अन्वी ठाकुर | कला स्नातक तृतीय वर्ष | 21ENG08 |
| 3 | सचिव | निखिल सोनी | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 23COM05 |
| 4 | सह-सचिव | उदय | बीसीए प्रथम सत्र | 23009 |

इसके अतिरिक्त 9 कक्षा प्रतिनिधि चयनित किये गए, दो-दो प्रतिनिधि रोवर्स/रेंजर्स, एन.एस.एस., खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्र से मनोनीत किए गए. एक-एक प्रतिनिधि ईको क्लब और रेड रिबन क्लब से मनोनीत किए गए. तत्कालीन प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार ने चुने गए पदाधिकारियों और सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव के लिये सभी प्राध्यापक और छात्र बधाई के पात्र हैं.

## ईको क्लब

अपने महाविद्यालय में ईको क्लब पर्यावरण संरक्षण हेतु सृजनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहता है. इस क्लब के समन्वयक प्रो. प्रिंस ठाकुर हैं. ईको क्लब ने राष्ट्रीय सेवा योजना और रोवर्स-रेंजर्स इकाई के साथ मिलकर अगस्त माह में महाविद्यालय परिसर में 50 पौधे लगाये.

## रेड रिबन क्लब

अपने महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. आशीष नेगी हैं. उनके निर्देशन में वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित गतिविधियां रेड रिबन क्लब के सौजन्य से महाविद्यालय में करवाई गई.

1. 25 सितम्बर 2023 को जिला स्तरीय मैराथन में महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया.
2. 01 दिसम्बर 2023 को रेड रिबन क्लब ने विश्व एडस दिवस मनाया गया.
3. 15 नवम्बर 2023 को रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर ने ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया.

## सड़क सुरक्षा क्लब

अपने महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब की स्थापना सत्र 2021-22 में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के पत्र संख्या EDN-HE(21)F(10)13/2021 दिनांक 15 नवम्बर 2021 के निर्देशानुसार की गई. इस क्लब का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियां जैसे नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, पेपर रीडिंग इत्यादि आयोजित करके युवाओं में सड़क मार्गों पर सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना है. इस क्लब की गतिविधियों हेतु परिवहन निदेशालय (हि. प्र.) द्वारा रु. 30000.00 की राशि स्वीकृत की गई थी जिसे 31 मार्च 2024 तक खर्च किया जाना है. अभी तक इस क्लब के तत्वावधान में करवाई गई गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है. इस क्लब के समन्वयक प्रो. कुलजीत सिंह हैं.

1. नारा लेखन प्रतियोगिता 27 अक्तूबर 2023 को करवाई गई.
2. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता 21 अक्तूबर 2023 को करवाई गई.
3. जिंगल प्रतियोगिता 31 अक्तूबर 2023 को करवाई गई.
4. निबन्ध लेखन प्रतियोगिता 10 फरवरी 2024 को करवाई गई.
5. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 17 फरवरी 2024 को करवाई गई.

## कैरियर मार्गदर्शन और नियोजन प्रकोष्ठ

राजकीय महाविद्यालय भोरंज में कैरियर मार्गदर्शन और नियोजन प्रकोष्ठ की स्थापना वर्ष 2008 में हुई थी. इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य शिक्षा और व्यवसाय के मध्य अन्तर को पाटना है. इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रदेश सरकार ने वर्ष 2021 में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत इस प्रकोष्ठ के सुदृढ़ीकरण के लिए दस लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी. यह प्रकोष्ठ विद्यार्थियों को विभिन्न व्यवसायों के प्रति जागरूक बनाने के लिए नियमित गतिविधियां आयोजित करता है. इस प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विवेक चंदेल हैं. वर्ष 2023-24 में इस प्रकोष्ठ द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईं.

- विद्यार्थियों को स्नातक शिक्षा के पश्चात उपयुक्त कैरियर का चुनाव करने में सहायता प्रदान के लिये चार व्याख्यानों की श्रृंखला आयोजित की गई.
- इस प्रकोष्ठ द्वारा दो बार प्लेसमेण्ट ड्राईव का भी आयोजन किया गया.

## इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब

राजकीय महाविद्यालय भोरंज का इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब छात्रों और समाज में मतदान जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाता है. प्रो. तिलक राज इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी हैं. सत्र 2023-24 में भी इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई गयी जिनका विवरण इस प्रकार है

1. महाविद्यालय के छात्रों में मतदान जागरूकता के लिए स्वीप क्लब द्वारा बी० ए० तृतीय वर्ष के छात्र संजीव एवं

विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा ललिता को कैंपस राजदूत चुना गया है.

2. 08 सितम्बर 2023 में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थीयों के मध्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई जिनमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय के 50 छात्रों ने भाग लिया.
3. 21 अक्टूबर 2023 को स्वीप क्लब के द्वारा 'मताधिकार का उचित प्रयोग' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जिसमें महाविद्यालय के 30 छात्रों ने भाग लिया.
4. 16 नवंबर 2023 को स्वीप चुनाव जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन मतदाता पहचान-पत्र बनवाने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के विद्यार्थीयों के लिए चुनाव आयोग के सहयोग से किया गया। जिसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण करचुके लगभग 100 विद्यार्थीयों के ऑनलाइन मतदाता पहचान-पत्र बनाये गए।। इस अवसर पर एस.डी.एम. भोरंज श्री संजय स्वरुप उपस्थित रहे.
5. 18 नवंबर 2023 को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय स्वीप क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिनमें रंगोली, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गयी.
6. 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रचार्य डॉ विजय ठाकुर ने छात्रों को मतदान की शपथ दिलवाई इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को निष्पक्ष एवं जागरूक होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया .
7. 17 फरवरी 2024 को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय स्वीप क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिनमें विज्ञापन गीत, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गयी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) विद्यार्थियों के अन्दर निःस्वार्थ भाव और स्वयं की प्रेरणा से समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने का भाव पैदा करती है. 'मैं नहीं पहले आप' ध्येय वाक्य को मनस में लिये हुये वर्ष भर एन.एस.एस. के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेते हैं. अपने महाविद्यालय में एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रिंस ठाकुर हैं. वर्ष 2022-23 में एन.एस.एस. की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है.

1. राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया जिनमें कि स्वच्छता अभियान, पौधारोपण अभियान और अन्य शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियां रहीं.
2. 01 से 07 फरवरी 2024 तक महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर (समर्पण 2023-24) का आयोजन किया जिसमें 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया. इस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रिंस ठाकुर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ गोद लिये गये गांव टिक्कर खत्तरियां में समाज सेवा के कार्यों में भी भाग लिया.

## रोवर्स और रेंजर्स

रोवर (पुरुष स्काउट) और रेंजर (महिला स्काउट) का उद्देश्य समाज सेवा है. निःस्वार्थ भाव से समाज की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को दूर करने में रोवर्स और रेंजर्स व्यक्तिगत रूप से सेवाएं देते हैं. वर्तमान समय में अपने महाविद्यालय में रोवर्स तथा रेंजर्स की एक-एक इकाई पंजीकृत है. रोवर्स इकाई में 12 विद्यार्थी तथा रेंजर्स

इकाई में 20 विद्यार्थी इस सत्र के लिए पंजीकृत हुए. इस सत्र में इकाई के द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया.

1. 2 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान और पौधारोपण अभियान चलाया.
2. 14 अक्तूबर 2023 को महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया.
3. 7 नवंबर 2023 को रोवर रेंजर इकाई के द्वारा रोवर्स/रेंजर्स स्थापना दिवस मनाया गया महाविद्यालय से कंज्याण बाज़ार तक रैली निकाली गई तथा महाविद्यालय के अन्य छात्रों को रोवर्स तथा रेंजर्स के बारे में अवगत करवाया गया.

इस सत्र में रोवर्स इकाई के प्रभारी प्रो. भूपेंद्र कुमार तथा रेंजर्स प्रभारी प्रो. सुनीता कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया.

## सांस्कृतिक, शैक्षणिक व साहित्यिक गतिविधियां

सांस्कृतिक समिति महाविद्यालय में नियमित रूप से बाह्य व आन्तरिक सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करवाती है. डॉ. आशा देवी इस समिति की संयोजक हैं. इस वर्ष भी विभिन्न गतिविधियां इस समिति द्वारा करवाई गई जिनका विवरण इस प्रकार है.

1. 5 सितंबर 2023 को छात्र छात्राओं ने अपने प्राध्यापकों को सम्मान प्रदान करने हेतु शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया.
2. 13 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने गेयटी थियेटर शिमला में हिन्दी राजभाषा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कवितापाठ, भाषण और निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया.
3. 14 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया जिसमें कवितापाठ, भाषण और निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं.
4. 20 सितंबर 2023 को 'आगाज़' कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक गतिविधियां करवाई गई जिसमें समूह गान, एकल गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, प्रश्नोत्तरी, भाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, कोलाज, कार्टूनिंग इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई.
5. 28-30 सितम्बर 2023 तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव ग्रुप-1 में भाग लिया तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनुराधा, शिवांग और संजीव ने प्रदेश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया.
6. 21-23 नवम्बर 2023 तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव ग्रुप-3 में भाग लिया.
7. 22 दिसम्बर 2023 को गीता जयन्ती के अवसर पर श्लोकोच्चारण और गीतिका गायन की प्रतियोगितायें आयोजित की गईं.
8. 9 मार्च और 12 मार्च 2024 को 'उमंग' सीएससीए सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक प्रतियोगिताएं करवाई गई.

## महाविद्यालय पत्रिका 'तारिका'

विद्यार्थियों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को निखारने हेतु प्रतिवर्ष महाविद्यालय अपनी वार्षिक पत्रिका 'तारिका' का प्रकाशन करवाता है. वर्ष 2023-24 का अंक शीघ्र प्रकाशित होने जा रहा है. डॉ. आशा देवी 'तारिका' पत्रिका की मुख्य संपादिका हैं. वर्ष 2023-24 में 'तारिका' पत्रिका का सम्पादक मण्डल इस प्रकार है.

| क्रमांक | अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी अनुभाग | प्रो. विनय कुमार | कविता शर्मा | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |
| 2 | पहाड़ी अनुभाग | प्रो. सुनीता | विशाल कुमार | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| 3 | विज्ञान अनुभाग | प्रो. पूजा | प्रियंका | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष |
| 4 | वाणिज्य अनुभाग | डॉ. निखिल वर्मा | रिया शर्मा | वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष |
| 5 | संस्कृत अनुभाग | डॉ. आशा देवी | कुसुम | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| 6 | अंग्रेजी अनुभाग | प्रो. निशान्त कुमार | अन्वी ठाकुर | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| 7 | कम्पयूटर अनुभाग | प्रो. प्रवीण कुमार | विकास राणा | बीसीए षष्ठम सत्र |

## शारीरिक शिक्षा व खेलकूद गतिविधियां

अध्ययन के साथ खेल कूद की सदा से ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है. विद्यार्थियों के गुणात्मक व सर्वांगीण विकास में खेलों का अहम योगदान होता है. अपने महाविद्यालय का खेल विभाग वर्ष 2023-24 में निरन्तर प्रगतिशील रहा है। विद्यार्थियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिये महाविद्यालय में सभी सुविधायें उपलब्ध हैं. गत वर्ष ही उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत विभिन्न खेलों से सम्बन्धित उपकरण खरीदे गए हैं. इस वर्ष भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्थानीय स्तर पर वॉलीबाल, कबड्डी, बास्केटबाल इत्यादी की अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं में भाग लिया. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और महाविद्यालय का नाम रौशन किया. कॉलेज में एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों की खेल प्रतिभा के प्रदर्शन व उनमें खेल भावना जगाने में पूर्णतः सफल सिद्ध हुआ।

**खेल के क्षेत्र में महाविद्यालय की उपलब्धियां**

1. कला स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र विशाल ने उतर क्षेत्र अन्तर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया.
2. कला स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्राओं कोमल और मीनाक्षी ने वरिष्ठ राज्य महिला वूशू प्रतियोगिता में खेलो इण्डिया चैम्पियनशिप 2023 में भाग लिया और तीसरा स्थान प्राप्त किया.
3. बीसीए छठे सत्र के छात्र रिज्जवल कौंडल ने वरिष्ठ राष्ट्रीय सेस्टोबॉल चैम्पियनशिप 2023 में भाग लिया.
4. महाविद्यालय के छात्रों निखिल सोनी, रमन ठाकुर, निखिल, सौरभ चौधरी, शुभम शर्मा, कणव शर्मा, सूरज गथानिया, अक्षय शर्मा, राहुल मिन्हास, विशाल राणा और अभय ने वरिष्ठ उतर क्षेत्रीय सेस्टोबॉल चैम्पियनशिप 2023 में भाग लिया
5. अपने कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तत्वावधान में होने वाली विभिन्न अंतर-महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं में भाग लिया जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, क्रॉस-कंट्री, वुशु, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स इत्यादि.

## महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

इस महाविद्यालय के महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का यही लक्ष्य और ध्येय है कि छात्राओं में आत्मसम्मान और स्वाभिमान जागृत किया जा सके जिससे कि वे अपने जीवन में और अपने जीवन के लिए सही समय पर सही निर्णय ले सकें.

1. 13 सितम्बर 2023 को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.
2. 9 नवम्बर 2023 को 'Rural Women Cultivating Good Food for All' विषय पर विश्व ग्रामीण महिला दिवस मनाय गया.
3. 18 नवम्बर 2023 को शारीरिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में व्याख्यान आयोजित किया.

## विभागीय गतिविधियां और उपल्ब्धियां

1. वनस्पति विज्ञान विभाग ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिये अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन किया गया.
2. वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिये विभिन्न विषयों पर प्रेज़ेन्टेशन सेमिनार करवाए गए.
3. वनस्पति विज्ञान विभाग ने 'Floral Dialogues: Bridging the Botanical Wisdom' शीर्षक पर वीडियो पॉडकास्ट की रिकार्डिंग की गई.
4. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2024 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वार मनाय गया और विभाग का लोगो अनावरित किया गया.

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

महाविद्यालय में सभी शैक्षणिक सदस्यों को नियमित रूप से शोध करने, लेखन कार्य करने, संगोष्ठियों तथा अभिविन्यास/पुनःश्चर्या कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है. वर्ष 2022-23 में प्राध्यापकों की निम्नलिखित उपलब्धियां रहीं.

**प्रो. कुलजीत सिंह (प्राध्यापक जीव विज्ञान)**

- 'Contribution of Sardar Patel in Swaraj Struggle and National Integration' विषय पर सरदार पटेले विश्वविद्यालय मण्डी और इतिहास शोध संस्थान नेरी, हमीरपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Role of Sardar Patel in Major Movements: Bardoli Satyagrah and Bharat Chhodo Aandolan शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.

**डॉ. संदीप कुमार (प्राध्यापक भूगोल)**

- 31 जुलाई से 06 अगस्त तक टीचिंग-लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज नई दिल्ली द्वारा 'Education 4.0' विषय पर ऑनलाईन आयोजित Faculty Development Programme में भाग लिया.
- 6 से 20 सितम्बर 2023 तक टीचिंग-लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज नई दिल्ली द्वारा 'Managing Online Classes & Co- creating MOOCS' विषय पर ऑनलाईन आयोजित पुनःश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया.
- संपादित पुस्तक 'History and Social Science in the Contemporary Global Scenario' में 'Developing and Developed Economies : An Overview' शीर्षक से एक शोध अध्याय प्रकाशित किया.

- 'Recent Trends in Science and Technology for Environment Conservation and Sustainable Development' विषय पर राजकीय महाविद्यालय नादौन में 29-30 सितम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Climate Change and Food Security: Contemporary Issues and Challenged in India' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'Science and Technology for Sustainable future' विषय पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी में 25-26 नवम्बर 2023 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Energy and Environment: A Symbiotic Relationship शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान फेयरलांस शिमला द्वारा नवम्बर 2023 में आयोजित विभागीय परीक्षा उतीर्ण की.

**डॉ. निखिल वर्मा (प्राध्यापक वाणिज्य)**

- राजकीय महाविद्यालय भेरियां, कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 04 नवम्बर 2023 को आयोजित संगोष्ठी में Higher Education and National Education Policy 2020: A Review शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- Singapore Management University द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में A Study of Mid-Day Meal Scheme in Himachal Pradesh शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- 19-26 सितम्बर 2023 को Hindusthan College of Arts & Science (Autonomous), Coimbatore द्वारा Emerging Trends & Challenges in Commerce & Management Education विषय पर आयोजित Faculty Development Programme में भाग लिया.
- महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी द्वारा 25-29 सितम्बर 2023 को Innovative Teaching Pedagogy and Quality of Research Publication विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया.
- हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान फेयरलान्स शिमला में 16-17 जून 2023 को परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया.

**प्रो. आशीष नेगी**

- Evaluation of Public Distribution System in Himachal Pradesh शीर्षक पर एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा 13-14 अप्रैल 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- Conservation in Himalayan Region: Issue and challenges शीर्षक पर राजकीय महाविद्यालय जुखाला द्वारा 20 मई 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- Himachal Tribal Areas Customary Law: Hindrance to the Gender justice शीर्षक पर राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा 1-4 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- Loss Inheritance: Tribal Woman in Himachal are Prohibited from inheriting property under Centaury Old Traditional Norms शीर्षक पर

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला द्वारा 27-28 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.

- Examining the Socio-Economic Implication of Road Accident in HP: A Comprehensive Analysis शीर्षक पर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट द्वारा 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- Transformative Agricultural strategies for climate Resilience: A case study of Distt Kinnaur , H.P. शीर्षक पर राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा 29 दिसम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- Impact of Road Accidents on Society and Economy in Himachal Pradesh : A Case Study of Shimla District शीर्षक पर Journal of Emerging Technologies and Innovative Research ( JETIR ) में शोध पत्र प्रकाशित किया.

**डॉ. आशा देवी (प्राध्यापक संस्कृत)**

- 02 अक्तूबर 2023 को लाहौल में औषधीय पौधे और उनका प्रयोग विषय पर राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- 23 दिसम्बर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक रामानुजन महाविद्यालय से पुनःश्चर्या पाठ्यक्रम पूर्ण किया.
- 20 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अध्यापक विकास कार्यक्रम में भाग लिया.
- दो शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय पियर रिव्यूड शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए.
- 06 मार्च 2024 को केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया और व्याख्यान दिया.
- 07 मार्च 2024 को सीडीपीओ कार्यालय टौणी देवी में महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया.

**प्रो. प्रिंस ठाकुर (प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान)**

- 20 मई 2023 को राजकीय महाविद्यालय जुखाला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Usage of Ethnoveterinary Plants by Gaddi Shepherds during Seasonal Migration across Different Altitudes शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 01 से 04 अक्तूबर 2023 तक राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Exploring Ethnoveterinary Practices: Achyranthes aspera L. in the Traditional Livestock care of Migratory Gaddi Shepherds शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- 10 से 16 अक्तूबर 2023 तक टीचिंग-लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज नई दिल्ली द्वारा 'Pedagogical skills for Teaching and Learning' विषय पर ऑनलाईन आयोजित साप्ताहिक अध्यापक विकास कार्यक्रम में भाग लिया.
- 3 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Seasonal gaddi Migration: Biodiversity Dynamics along Altitudinal Gradients in Himachal Pradesh’s High to Low Altitude Landscapes शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत

किया.

- 29 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Connecting Ecological Resilience, Ecosystem Functioning and Services, and Biodiversity: Towards an Integrative Framework for Effective Management शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मण्डी द्वारा आयोजित 'NEP 2020: A Paradigm Shift in Higher Education' विषय पर साप्ताहिक अध्यापक विकास कार्यक्रम में 'Role of Technology in Education: Online and Digital Mode' शीर्षक पर व्याख्यान दिया.

**डॉ. विवेक चन्देल (प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान)**

- 10 से 16 अक्तूबर 2023 तक टीचिंग-लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज नई दिल्ली द्वारा 'Pedagogical skills for Teaching and Learning' विषय पर ऑनलाईन आयोजित साप्ताहिक अध्यापक विकास कार्यक्रम में भाग लिया.
- राजकीय महाविद्यालय नादौन द्वारा 29-30 सितम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Seabuckthorn (Hippophae spp. L.): Socioeconomic significance and conservation methods शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- 29 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Biodiversity conservation strategies vis-a-vis Climate Change: A focus on Western Himalayan Region शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'Mental Health and Psychological Support विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया.

**प्रो. विनय कुमार (प्राध्यापक हिन्दी)**

- 'हिमसागर से हिमालय तक' शीर्षक से उपन्यास प्रकाशित किया.
- Wisdom and the Words पुस्तक में लघु कहानी और कविता प्रकाशित की.
- 'International Journal of Creative Research Thoughts' में 'काव्य की आत्मा' शीर्षक से शोधपत्र प्रकाशित किया.
- 'राजकीय महाविद्यालय सरकघाट में 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया.
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चम्बोह और बगवाड़ा में कैरियर गाइडेन्स पर व्याख्यान दिए.

**डॉ. नरेश कुमार (प्राध्यापक भौतिक विज्ञान)**

- 'Youth Agripreneurship and Startups' विषय पर कैरियर पॉइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर में 2-3 अगस्त 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'UV Spectroscopy of Nickel Oxide Nanoparticles' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'Recent Trends in Science and Technology for Environment Conservation and Sustainable Development' विषय पर राजकीय महाविद्यालय नादौन में 29-30 सितम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Modern Lifestyles and Public Health Issues' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.

- 'Biodiversity Loss and Climate Change; Two Faces of the Same Coin' विषय पर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Environmental Pollution and Health Issues in India' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'Resilient Futures: Adapting to Climate Variabilities in Agriculture, Economy and Environment' विषय पर राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 29 दिसम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Climate Literacy for developing Sustainable Global Citizenship' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन महाविद्यालय द्वारा 10-16 अक्तूबर 2023 तक Psycological Skills for Teaching and Learning विषय पर Faculty Development Programme में भाग लिया.

**प्रो. पूजा कुमारी (प्राध्यापक रसायन विज्ञान)**

- राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा 01-04 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ITraditional use of Medicinal and Aromatic Plants in Tribal areas of Lahaul valley and their role in Sustainability of Livelihoods शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- 'Recent Trends and Innovations for a Greener Future' विषय पर राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 09-10 फरवरी 2024 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Green Synthesis of Iron oxide nanoparticles using *Calotropis procera*' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- आकाशवाणी केन्द्र हमीरपुर में 'रसायन विज्ञान का महत्व एवं दायरे' विषय पर रेडियो टॉक में भाग लिया.
- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरब्यार में व्याख्यान दिया.

**डॉ. कुलतारां (प्राध्यापक गणित)**

- 'Tribal in India: Isues, Challenges and the Road Ahead' विषय पर राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा 1-4 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'An overview of Education in Tribal areas of Himachal Pradesh' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'History and Culture of Himalayan Tribes: Statues and Continuity' विषय पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला द्वारा 27-28 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Role of Education in the Development of Tribal Areas' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'Biodiversity Loss and Climate Change: Two Faces of The Same Coin' विषय पर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में 3 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'A Review on the Applicability of Mathematical Modeling for the Wastewater Treatment Process' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- 'English Language Literature and Culture' विषय पर The Achievers

Foundation of English Studies (TAFFES), Bhadohi, Uttar Pradesh द्वारा 02-03 दिसम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Culture and Civilization of Himachal Pradesh: An Overview' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.

- 'Recent Trends and Innovations for a Greener Future' विषय पर राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 09-10 फरवरी 2024 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Significance of Mathematics in Chemistry' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया
- जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली के यूजीसी मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा 04-18 अगस्त 2023 तक Human Rights & Social Inclusion विषय पर ऑनलाईन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया.
- दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन महाविद्यालय द्वारा 12-18 जनवरी 2024 तक Intellectual Property Rights विषय पर Faculty Development Programme में भाग लिया.
- Computation & Applied Mathematics शीर्षक पर पुस्तक प्रकाशित की.

**प्रो. तिलक राज ठाकुर**

- 'Contribution of Sardar Patel in Swaraj Struggle and National Integration' विषय पर सरदार पटेले विश्वविद्यालय मण्डी और इतिहास शोध संस्थान नेरी, हमीरपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Role of Sardar Patel in Major Movements: Bardoli Satyagrah and Bharat Chhodo Aandolan शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन द्वारा 29-30 सितम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Biodiversity and Ecosystem Management शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- 'History and Culture of Himalayan Tribes: Statues and Continuity' विषय पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला द्वारा 27-28 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'History and Culture of Himalayan Tribes: Status and Continuity' शीर्षक पर शोधपत्र प्रस्तुत किया.
- राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा 29 दिसम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में From Tradition to Transformation: "Community Engagement in Climate Adaptation in Hamirpur's Villeges शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.

**प्रो. पवन कुमार (प्राध्यापक वाणिज्य)**

- Impact of Tourism Development on Environmental Sustainability शीर्षक पर International Journal for Innovative Research in Multidisplinary Field में शोध पत्र प्रकाशित किया.
- राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर द्वारा 21-22 सितम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Role of Science and Technology in Sustainale Development of Society: An Overview शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन द्वारा 29-30 सितम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Insight into Climate Change, Mitigation and Adaptation शीर्षक पर शोध पत्र

प्रस्तुत किया.

- राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा 01-04 अक्तूबर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Impact Assessment of Agriculture and Horticulture Interventions in Tribal Areas of Himachal Pradesh शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Biodiversity Loss and Threats in the Himalayan Region शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट द्वारा 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Environmental Pollution and Health Issues in India शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर द्वारा 06 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Bioresource Management in Western Himalayas शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा 29 दिसम्बर 2023 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Analyzing the Framework for Climate Change Adaptation शीर्षक पर शोध पत्र प्रस्तुत किया.
- दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन महाविद्यालय द्वारा 10-16 अक्तूबर 2023 तक Psychological Skills for Teaching and Learning विषय पर आयोजित Faculty Development Programme में भाग लिया.
- दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन महाविद्यालय द्वारा 31 जुलाई से 06 अगस्त 2023 तक Education 4.0 विषय पर आयोजित Faculty Development Programme में भाग लिया.

## विकास कार्य

इस महाविद्यालय को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रथम चरण में दो करोड़ रुपये तथा द्वितीय चरण में अभी तक एक करोड़ रुपये की राशि आधारभूत संरचना के विकास के लिए स्वीकृत हुई है। प्रथम चरण में प्राप्त दो करोड़ रुपये की राशि को महाविद्यालय में विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर खर्च किया जा चुका है।

1. वर्ष 2023-24 में विद्यार्थियों को उत्तम शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिये विभिन्न फण्डों से ₹1230243.00 (बारह लाख तीस हज़ार दो सौ तेंतालीस रुपये) खर्च किये गये हैं.
2. अभी राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के द्वितीय चरण में एक करोड़ रुपये की दूसरी किशत केंद्र और राज्य सरकार से अपेक्षित है जिसे संस्थान विकास योजना और तय नियमों के अनुसार खर्च किया जाएगा।
3. प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA) के अन्तर्गत संस्थान विकास योजना उच्चतर शिक्षा निदेशालय शिमला को प्रेषित कर दी गई है. प्रो. प्रिंस ठाकुर इस अभियान के संस्थान समन्वयक हैं.

## भविष्योन्मुखी योजनाएं

निरन्तर प्रगतिशील होने के लिये आवश्यक है कि भविष्य पर निगाह रखी जाये और समय रहते भविष्योन्मुखी योजनाएं बना ली जायें जिससे कि सही समय आने पर उनका कार्यान्वयन हो सके. इसी को ध्यान में रखते हुये अपने महाविद्यालय की विभिन्न समितियों ने निकट भविष्य के लिये कुछ योजनाएं तैयार की हैं. माननीय महोदय, इन योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिये आपका सहयोग भी अपेक्षित होगा.

1. खेल मैदान के अधूरे पड़े कार्य को शीघ्र पूरा करवाया जायेगा. हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, भोरंज

मण्डल के पास इस हेतु प्रदेश सरकार से धनराशि आ चुकी है.

2. महाविद्यालय में कुछ विषयों में स्नातकोत्तर कक्षायें चलाने, वोकेशनल पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र खोलने के प्रयास किये जायेंगे.
3. महाविद्यालय के NAAC द्वारा पुनर्मूल्यांकन करवाने की प्रक्रिया प्रगति पर है और इसी माह में इसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया जायेगा
4. महाविद्यालय के भवन को क्षति से बचाने के लिये भवन पर छत का होना अति आवश्यक है. इस हेतु भी उचित स्तर पर प्रयास किये जायेंगे.
5. जैसे ही केन्द्र तथा राज्य सरकार से रूसा ग्राण्ट की बची हुई धनराशि हमें प्राप्त होती है, पुस्तकालय के नए भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा.

## आभार

इस महाविद्यालय को निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर करने तथा इन प्राप्तियों के लिए मेरा सर्व प्रथम धन्यवाद है, इस क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता का जिनके निरन्तर प्रोत्साहन तथा प्रेरणा से ही यह संभव हुआ है। इसके पश्चात् हमारे सभी प्राध्यापक गण जिन्होंने दिन-रात परिश्रम करके महाविद्यालय को इस शिखर तक पहुंचाया, उन सब प्राध्यापकों का बहुत-बहुत धन्यवाद।

कॉलेज को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में सहायक, महाविद्यालय के सभी विभागों के अध्यक्ष व प्राध्यापक वर्ग तथा गैर-शिक्षक वर्ग के सभी कर्मचारियों का बहुत-बहुत धन्यवाद. महाविद्यालय के पुस्तकालय को सुव्यवस्थित रखने के लिए सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री कुलदीप कुमार जी और श्री ब्रजेश जी का, कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिये श्रीमती सुमनलता जी, श्री प्रवीन शर्मा जी, श्रीमती तृप्ता जी और श्री राजेश जी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

सभी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता को तथा उनको पढ़ाने वाले प्राध्यापकों को बहुत-बहुत साधुवाद तथा शुभकामनाएं।

निष्कर्षतः समस्त क्षेत्रों में हमारे महाविद्यालय का प्रदर्शन शानदार रहा और छात्रों के इन्हीं अनथक प्रयासों को पहचान देने के लिये आज इन्हें पुरस्कार दिये जा रहें हैं। परन्तु हमारे लिये यह सफलता से भरी राह का अन्त नहीं है। भविष्य में भी उच्च प्राप्तियों व उपलब्धियों के लिए हमें परस्पर सहयोग से कार्य करते हुये निरन्तर आगे बढ़ते रहना होगा। मैं सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ तथा उनके समृद्ध भविष्य की कामना करता हूँ.

**जय भारत, जय हिमाचल**